Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to construct underpass at Kesinga , and extend Ispat Express running from KolKata to Titlagarh upto Kesinga town, Kalahandi, Odisha.

श्री बसंत कुमार पांडा : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वहां एक अंडरपास बनाकर, लोगों को आवागमन करने की सुविधा प्रदान की जाए । इसका कारण यह है कि आन्ध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ से ओडिशा के उसी रास्ते में गाड़ियों का विशेष आना-जाना रहता है और उसी रास्ते से बुर्ला जाना पड़ता है, उसी रास्ते से अनेक जिला हेडक्वार्टर्स जाना पड़ता है, ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर जाना पड़ता है । मैं रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इस्पात एक्सप्रेस कोलकाता से टीटलागढ़ आती है, वहां शाम को पहुंचती है । वहां से मात्र 13 किलोमीटर दूरी पर केसिंगा टाउन है । वह ट्रेन रात में टीटलागढ़ में रुक जाती है, उसे केसिंगा तक एक्सटेंड किया जाए । उसके साथ-साथ, पुरी – दुर्ग एक्सप्रेस, जो टीटलागढ़ में आधा घण्टे से लेकर 45 मिनट तक खड़ी होती है, अगर उसे भी केसिंगा तक एक्सटेंड किया जाए तो निश्चित रूप से हमारे लोक सभा क्षेत्र के, कालाहांडी के लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिलेगा । मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा । धन्यवाद ।